निष्पक्षता और भरोसे के साथ जुड़े रहने के लिए धन्यवाद— आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS




| रविवार 22 फरवरी - 2026 | वर्ष - 01 | अंक - 22 | पृष्ठ - 01 | मूल्य - 5 रुपये | www.azadvaani.com |
|---|---|---|---|---|---|

## पंचकूला में BJP युवा मोर्चा का विरोध प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला फूंका, माफी और इस्तीफे की मांग!

पंचकूला के सेक्टर पांच शालीमार ग्राउंड में भारतीय



जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका गया इस दौरान पूर्व विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और भारतीय जनता युवा मोर्चा पंचकूला अध्यक्ष नरेंद्र लुबना और भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा भाजपा नेत्री रंजीता मेहता और कई भाजपा नेता और कार्य करता इस दौरान मौजूदरहे इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व विधानसभा स्पीकर के ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा बताया गया कि कल जिस तरह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा ए सबमिट में जिस तरह की हरकत की गई है उसे पूरे देश को शर्मसार होना पड़ा है और साथ ही साथ राहुल गांधी को तुरंत प्रभाव से इसको लेकर माफी मांगनी चाहिए पूरे देश से और कांग्रेस पार्टी के पद से इस्तीफा देना चाहिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कल जिस तरह की हरकत कांग्रेस युवा मोर्चा द्वारा की गई ए सबमिट में उसे पूरे देश भर को शर्मिंदा होना पड़ा और साथ ही साथ उसे सबमिट में कई देश के नेता और कंपनियों के सीईओ पहुंचे हुए थे वहां पर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिस तरह की हरकत की गई वह निंदनीय है और राहुल गांधी और कांग्रेस

## नागरिक अस्पताल में बढ़ती चोरियों का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार!

पंचकूला के नागरिक अस्पताल में पिछले कुछ समय से हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।थाना सेक्टर-7, पंचकूला के प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी लंबे समय से नागरिक अस्पताल परिसर से महंगे उपकरण व अन्य कीमती सामान चोरी कर रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के



आधार पर पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर जांच की गई।जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 का बड़ा खुलासा: चोरी की 11 दोपहिया गाड़ियाँ बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार!



क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर 11 चोरीशुदा दोपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनमें 9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा शामिल हैं। 17 फरवरी को रामगढ़ क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे गुरसेवक सिंह पुत्र शमशेर सिंह, निवासी फरीदकोट (पंजाब), हाल निवासी फुनी माजरा (लांडरा) को चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अन्य चोरी के वाहनों की जानकारी दी, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से बरामद कर थाना में जमा कराया गया। आरोपी के खिलाफ थाना चण्डीमन्दिर में बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## सचिवालय घोटाले में 9 करोड़ 72 लाख रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार!

पंचकूला पुलिस द्वारा सचिवालय से जुड़े एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश किया गया है। प्रारंभिक जांच में अब तक कुल 9 करोड़ 72 लाख रुपये के गबन/धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जांच के दौरान यह भी संकेत मिले हैं कि यह राशि और बढ़ सकती है। मामले की गहन जांच जारी है।इस संबंध में थाना सेक्टर-7, पंचकूला में नवंबर 2025 में शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता, अतिरिक्त उपायुक्त (ADC) पंचकूला, निशा यादव द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उनके फर्जी हस्ताक्षर कर लगभग 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है।शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-7 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित कर अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजों की गहन पड़ताल की जा रही है।थाना प्रभारी सेक्टर- 7 , पंचकूला, राजेश कुमार ने बताया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और दस्तावेजों की जांच के बाद घोटाले की राशि में वृद्धि होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की बड़ी कार्रवाई: शातिर वाहन चोर



क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर 11 चोरीशुदा दोपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनमें 9 मोटरसाइकिल व 2 एक्टिवा शामिल हैं। 17 फरवरी को रामगढ़ क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे गुरसेवक सिंह पुत्र शमशेर सिंह, निवासी फरीदकोट (पंजाब), हाल निवासी फुनी माजरा (लांडरा) को चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अन्य चोरी के वाहनों की जानकारी दी, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से बरामद कर थाना में जमा कराया गया। आरोपी के खिलाफ थाना चण्डीमन्दिर में बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

